सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 214 | इंदौर, मंगलवार 13 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Kisan Andolan Live: शंभू बॉर्डर से 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू, किसान नेता सरवण पंधेर बोले- फतेह करेंगे, टकराव नहीं
2. Kisan Andolan: किसानों से सख्ती से निपटेगी पुलिस, नहीं बरती जाएगी किसी भी तरह की ढिलाई; सख्त कार्रवाई के आदेश
3. Maharashtra: कांग्रेस छोड़ने की चर्चाओं पर संजय निरुपम ने कही ये बात, बोले- अशोक चव्हाण पार्टी के लिए पूंजी थे
4. Ranji Trophy: ईशान-श्रेयस को लेकर BCCI सख्त, रणजी खेलना अनिवार्य किया, फॉर्म में वापसी के बाद ही होगी एंट्री!

# 65 नर्सिंग कॉलेज मान्यता के मानकों पर खरे नहीं

**CBI की जांच रिपोर्ट पर MP हाईकोर्ट ने कहा-**

## मान्यता देने वालों पर एक्शन हो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । मध्यप्रदेश में 65 नर्सिंग कॉलेज मान्यता के मानकों पर खरे नहीं हैं। जबकि 74 कॉलेजों में कई प्रकार की खामियां हैं। वहीं, 169 नर्सिंग कॉलेजों का संचालन मानकों के अनुसार हो रहा है।**

यह खुलासा सीबीआई (CBI) की नर्सिंग कॉलेजों की जांच रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट 8 फरवरी को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में सबमिट की गई थी। सीबीआई ने 308 नर्सिंग कॉलेजों की जांच की थी।

सोमवार को जांच रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट ने मानकों पर अपात्र पाए गए 65 कॉलेजों के संचालक और संबंधित संस्थान को मान्यता दिए जाने के लिए निरीक्षण करने वाले अफसरों पर कार्रवाई के निर्देश राज्य सरकार को दिए हैं। इसके अलावा खामियों वाले 74 नर्सिंग कॉलेजों पर कार्रवाई के लिए रिटायर जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने का निर्देश दिया है। कमेटी की अनुशंसा के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हाईकोर्ट ने मानकों पर खरे निकले 169 कॉलेजों के स्टूडेंट्स की परीक्षाएं और दूसरी एकेडमिक एक्टिविटी कराने के निर्देश राज्य सरकार को दिए हैं।

खामियों को तय समय सीमा में दूर किया जा सकता है

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि जिन 74 नर्सिंग कॉलेजों में खामियां मिली हैं, उन कॉलेजों की खामियों का एनालिसिस किया जाए। संबंधित कॉलेजों की खामियों को अगर तय समय सीमा में दूर किया जा सकता है तो संबंधित संस्थानों में दाखिला ले चुके स्टूडेंट्स की आगे की पढ़ाई किन कॉलेजों में हो सकती है। इसकी अनुशंसा रिटायर जज की अध्यक्षता वाली कमेटी करेगी। जबलपुर हाईकोर्ट के एडवोकेट विशाल बघेल ने बताया कि नर्सिंग मामले में 8 फरवरी को सुनवाई हुई। इसके आदेश आ चुके हैं। 65 नर्सिंग कॉलेजों मान्यता मानकों पर खरे नहीं उरे हैं। इन्हें लेकर हाईकोर्ट ने कोई राहत नहीं दी है। जबकि 74 कॉलेजों में कई प्रकार की खामियां हैं।



**अखिलेश के गढ़ में रणनीति बनाएंगे CM मोहन यादव**

# UP के आजमगढ़ में आज 5 लोकसभा सीटों को लेकर करेंगे बैठकें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद बीजेपी ने शिवराज सिंह चौहान को हटाकर डॉ. मोहन यादव को सीएम बनाया है। मोहन को मुख्यमंत्री बनाने के पीछे बीजेपी बिहार और यूपी के यादव वोटर्स को अपने पाले में लाने की कोशिश कर रही है। इसी रणनीति के तहत मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव मंगलवार को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के गढ़ आजमगढ़ में लोकसभा चुनाव की जीत की रणनीति बनाएंगे।

### आजमगढ़ में तीन बैठकें करेंगे

सीएम डॉ. मोहन यादव 13 फरवरी को आजमगढ़ क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले 5 लोकसभा क्षेत्रों आजमगढ़-लालगंज-घोसी-बलिया और सलेमपुर लोकसभा क्षेत्रों के पार्टी पदाधिकारियों की बैठकों में शामिल होंगे। सीएम के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 11 बजे आजमगढ़ की मंदूरी हवाई पट्टी पहुंचेंगे। इसके बाद जयपुरिया स्कूल मिरिया कंधरापुर पहुंचकर दोपहर 12 बजे अपेक्षित श्रेणी की पहली बैठक लेंगे। दूसरी बैठक 1.30 बजे से तथा 2.45 बजे से अपेक्षित श्रेणी की तृतीय बैठक में शामिल होंगे।



### डॉ. मोहन यादव अपेक्षित श्रेणी की 3 बैठकों को करेंगे संबोधित

अपने एक दिवसीय यूपी प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 बैठकों में अपेक्षित श्रेणी के पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। जिनमें जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, लोकसभा संयोजक, लोकसभा प्रभारी एवं लोकसभा प्रबंध समिति के पदाधिकारी, सांसद, विधायक, विधानसभा प्रत्याशी, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख एवं जिला पंचायत सदस्य शामिल होंगे।

### समाजवादी पार्टी का गढ़ है आजमगढ़

यूपी की आजमगढ़ सीट समाजवादी पार्टी का गढ़ रही है। इस सीट से पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव सांसद रह चुके हैं। पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव सपा के सांसद बने थे। लेकिन 2022 में हुए उपचुनाव में बीजेपी के दिनेश लाल यादव 'निरुहआ' ने सपा के धर्मेंद्र यादव को हरा दिया था। अब बीजेपी इस सीट को बरकरार रखने के साथ ही आसपास की सीटों को जीतने की रणनीति बना रही है।

### श्री श्रीविद्याधाम मंदिर पर आयोजन ...

## बसंत पंचमी के दिन मां का होगा मनोहारी श्रृंगार

### महायज्ञ में जारी आहुतियों का क्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम के प्रकाशोत्सव में महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सान्निध्य एवं आचार्य पंडित राजेश शर्मा के निर्देशन में 31 विद्वानों द्वारा ललिताम्बा महायज्ञ में आहुतियों का क्रम जारी है। गुप्त नवरात्रि के अवसर पर 13 फरवरी को यज्ञशाला में महा गणपति यज्ञ का आयोजन होगा।**

आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र महाजन ने बताया कि बसंत पंचमी पर 14 फरवरी को मां भगवती का विशेष मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। महायज्ञ में खीरान, मालपुआ, हलवा, त्रिमधु, गन्ने, पान, कमल गट्टा एवं पंचमेवा जैसे मां को प्रिय व्यंजनों की आहुतियां समर्पित की जाएंगी। दूध, गुलाब जल, नर्मदा एवं गंगाजल सहित देश की पवित्र नदियों के जल से सुबह 7 बजे मां का महाअभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। नर्मदा जयंती, 16 फरवरी को सुबह 9.30 बजे आश्रम के संस्थापक पूज्य 'भगवन' के श्री विग्रह का पादुका पूजन, षोडशोपचार, अभिषेक एवं आरती के बाद शाम 6 बजे से मां पराम्बा ललिता महात्रिपुर सुंदरी आश्रम परिसर में नौका विहार करेंगी। 17 फरवरी को शाम 6 बजे मां अपने भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेगी । 18 फरवरी को शाम 6 बजे से भव्य मनोहारी पुष्प बंगला सजेगा। प्रकाश उत्सव में रोजाना मां भगवती का नित्य नूतन श्रृंगार भी किया जा रहा है।

## राज्य सेवा परीक्षा मेंस 2023 की डेट में बदलाव नहीं

### 11 मार्च से ही होगी एक्जाम,उम्मीदवारों ने की थी डेट आगे बढ़ाने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राज्य सेवा परीक्षा मेंस 2023, 11 मार्च से ही होगी। तारीख आगे नहीं बढ़ेगी। आयोग का मानना है कि तारीख में फेरबदल करने पर एक परीक्षा की वजह से अन्य दूसरी परीक्षाओं का शेड्यूल गड़बड़ा जाएगा। इसलिए तारीख में बदलाव नहीं हो सकता। आयोग के चेयरमैन डॉ. राजेश लाल मेहरा के साथ बोर्ड के अन्य सदस्यों ने इस मुद्दे पर चर्चा की। बता दें परीक्षा की डेट आगे बढ़ाने की मांग उम्मीदवार कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे उम्मीदवारों की मांग है कि रिजल्ट के बाद 90 दिन दिए जाते हैं। मगर इस बार केवल 53 दिन ही मिल रहे हैं। प्री की एक्जाम 17 दिसंबर को थी। रिजल्ट 18 जनवरी को आया। मेंस की एक्जाम 11 मार्च से शुरू की जा रही है। इसलिए टाईम मिलना चाहिए।

### आंदोलन की तैयारी

आयोग ने मेंस एक्जाम डेट आगे नहीं बढ़ाने को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। ऐसे में डेट आगे बढ़ाने की मांग कर रहे उम्मीदवार निराश है। उन्होंने इस संबंध में आंदोलन की तैयारी की है, हालांकि सोमवार शाम तक उम्मीदवारों को आंदोलन की परमिशन नहीं मिली थी।

### आचार्य विजयराज जी के संघ में बनेंगे संत ...

# चार युवा लेंगे जैन दीक्षा, पंच दिवसीय दीक्षा महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भोग - विलासिता, फैशन के भौतिक युग मे एक युवा सुख-सुविधा छोड़ कर सन्यासी बने, ऐसा कहानियों में सुनने को मिलता हैं । किंतु गुरु से धर्म के मर्म जानकर , 18 से 20 वर्ष की युवा उम्र में साधु बनकर दुष्कर जीवन जीने का संकल्प लेने वाले मैसूर के अक्षय सहलोत (22 वर्ष) , उड़ीसा के मोहित सखलेचा (18 वर्ष) , कर्नाटक के सूरज कांकरिया (36 वर्ष) और छत्तीसगढ़ की सुश्री दीपासना चौपड़ा (28 वर्ष) आगामी 18 फरवरी को इसी मार्ग पर चलते हुए जैनाचार्य श्री विजय राज जी म सा के सानिध्य में जैन भगवती दीक्षा स्वीकार करके जैन संत बनाने जा रहे हैं। सांसारिक शिक्षा दीक्षा में सीए, बी कॉम जितना उच्च अध्ययन करने वाले ये युवा अपने आचार्य जी से प्रेरणा लेकर धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ने जा रहे हैं। आज ये चारों युवा मुमुक्षु अपने आचार्य जी के सानिध्य में इंदौर के बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में उपस्थित हुए। आचार्य श्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए बताया कि मनुष्य जीवन में सभी काम आउटसोर्स कर सकता है, किन्तु आत्म कल्याण उसे स्वयं ही करना होगा।

शांतक्रान्ति संघ के मंत्री सुशील भंडारी ने बताया कि संसार के मार्ग से वैराग्य मार्ग की और चलते हुए सारे सांसारिक सुखों को त्यागते



हुए ये चारों युवा बिजली के उपकरण, मोबाइल लैपटॉप आदी का आजीवन त्याग, जीवन भर पैदल विहार, परिवार का त्याग करते हुए भगवान महावीर के बताए हुए सिद्धांतो पर चलते हुए स्वयं का और समाज के कल्याण पथ पर अग्रसर होंगे।

शांतक्रान्ति जैन संघ के मीडिया प्रभारी प्रकल्प जैन ने बताया कि आचार्य श्री के सानिध्य में इन युवाओं की जैन दीक्षा को सादगीपूर्ण तरीके से मनाने हेतु विरक्ति दीक्षा समिति द्वारा संघ के बैनर तले पांच दिवसीय कार्यक्रम किये जा रहे है। इस दौरान प्रतिदिन आचार्य श्री के प्रवचन प्रातः 9.15 बजे बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में आयोजित होंगे।

14 फरवरी - पाट बिठाई की रस्म आयोजित होगी।

15 फरवरी - दीक्षा लेने वाले चारों युवाओं की मेहंदी रस्म आयोजित होगी।

16 फरवरी - चारों युवाओं का धार्मिक चौबीसी गीत के माध्यम से श्रद्धालुओं द्वारा गुणगान किया जाएगा।

17 फरवरी - युवाओं का वरघोड़ा एवं शोभायात्रा के माध्यम से नगर के मुख्यमार्गों पर विभिन सामाज और संस्थाओं द्वारा अभिनंदन किया जाएगा।

18 फरवरी - प्रातः 8 बजे चारों युवा साथी अपना घर बार, परिवार और सुविधाओं को त्याग करके पैदल साधुवेश में दीक्षा स्थल बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में पहुचेंगे और आचार्य श्री के माध्यम से जैन भागवती दीक्षा स्वीकार करके अपने गुरु के सानिध्य में जैन मुनि के रूप में नए जीवन की शुरूआत करेंगे।

विरक्ति महोत्सव दीक्षा समिति के संयोजक श्री संजीव लोढ़ा ने बताया कि इंदौर में आचार्य श्री विजयराज जी एवं उपाध्याय श्री जितेशमुनि जी महाराज के सानिध्य में दीक्षा आयोजित होने का यह प्रथम अवसर है। दीक्षा उपलक्ष्य में इस पंच दिवसीय समारोह में भारत के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु इंदौर में पधारने की संभावना हैं।

## नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने संभाला पदभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर के नवनियुक्त पुलिस आयुक्त राकेश गुप्ता ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। वह मकरंद देऊस्कर का स्थान लेंगे। राकेश गुप्ता सुबह कमिश्नर ऑफिस पहुंचे, उनके साथ पूर्व सीपी मकरंद भी थे। 1999 बैच के आइपीएस राकेश गुप्ता वर्ष 2013 में शहर में डीआइजी के पद पर भी रह चुके हैं। वह शहर के तीसरे पुलिस आयुक्त हैं। शहर में बढ़ता नशे का कारोबार और बेतरतीब चलते वाहन बड़ी समस्या है। यह उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती है। गुप्ता के मुताबिक, चारों तरफ से खुला होने से शहर में अपराधी आसानी से आकर निकल जाते हैं, विशेषकर वाहन चोर। पुलिस अफसरों



की कोई कमी नहीं है और थानों की संख्या कम है। यह पैट्रोलिंग के लिहाज से फायदेमंद है। ऐसे में फील्ड पर कर्मियों की संख्या बढ़ाते हुए क्राइम को कम करने का प्रयास किया जाएगा।

### कटाक्ष




## सुमित्रा महाजन को कांग्रेस का ऑफर

**इंदौर**। सुमित्रा महाजन ने दो दिन पहले जय सियाराम के नारे के साथ पूर्व सीएम कमलनाथ को भाजपा में आने का निमंत्रण दिया था। कांग्रेस ने पलटवार करते हुए लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष और इंदौर की पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन को कांग्रेस जॉइन करने का ऑफर दे दिया। कांग्रेस के संभागीय प्रवक्ता विवेक खंडेलवाल ने पत्र लिखकर कहा है कि आप



कांग्रेस की सदस्यता लें और लोकसभा चुनाव लड़ें। कांग्रेस प्रवक्ता ने पत्र में लिखा है कि आपने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को पत्र लिखकर आमंत्रित किया है। आप जय जय सिया राम नारें के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता प्राप्त करें। महाजन जी हम कांग्रेसजनों का निवेदन है कि, आज देश बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी द्वारा बनाये गये संविधान की हत्या होते हुए देख रहा है, आपकी ही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता इस प्रकार के कृत्य कर रहे हैं। हमारा आपसे निवेदन है। आज देश में संविधान बचाने की जरूरत है। इसलिए आप जय जय सिया राम जय संविधान बचाओ नारे के साथ नारे को लेकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करे। और कांग्रेस पार्टी की ओर से इन्दौर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ें। ताई ने 8 बार की जीत दर्ज : 1989, 1991, 1996, 1998, 1999, 2004, 2009 और 2014।

## शोभायात्रा निकाली गई



**इंदौर।** माता जीजाबाई शासकीय (स्वशासी) स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय मोती तबेला, इन्दौर के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारियों के सहयोग से महाविद्यालय प्रांगण में माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इसी क्रम में आज भव्य शोभा यात्रा महाविद्यालय प्रांगण में निकाली गई इस शोभा यात्रा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनूपकुमार जग्गी, वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय पंडित, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुधीर सक्सेना सहित महाविद्यालय के सभी विभागों के प्राध्यापक एवं समस्त कर्मचारी शामिल हुए। छात्राओं ने भी बढ़ चढ़कर शोभा यात्रा में हिस्सेदारी की। 13 फरवरी मंगलवार को प्राण प्रतिष्ठा हेतु पूजन किया जाएगा और 14 फरवरी बुधवार को जनभागीदारी अध्यक्ष के द्वारा प्रांगण में मूर्ति प्रतिष्ठित की जाएंगी।

नेता-अधिकारी विवाद

# निगम कमिश्नर के खिलाफ उतरे महापौर परिषद के सदस्य, कैलाश विजयवर्गीय को लिखा पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नगर निगम कमिश्नर हर्षिका सिंह के खिलाफ महापौर परिषद के सदस्यों ने पत्र लिखा है। उन्होंने कैलाश विजयवर्गीय को पत्र लिखकर निगम कमिश्नर के फैसले की आलोचना की है और फैसला वापस लेने की अपील की है।



### →क्या है मामला

सराफा चाट चौपाटी के संचालन के लिए निगमायुक्त द्वारा गठित समिति कामकाज शुरू करने से पहले ही विवाद में पड़ गई। महापौर परिषद के सदस्य और राजस्व विभाग प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने समिति का विरोध करते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पत्र लिखा है।

इंदौर की सराफा चाट चौपाटी दुनियाभर में लोकप्रिय है। यह रात में लगती है और इसके संचालन और सुरक्षा के लिए हर्षिता सिंह ने सात सदस्यीय समिति गठित की थी। इस समिति में महापौर परिषद सदस्य राजेंद्र राठौर, अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन, राकेश जैन, पार्षद मीता राठौर, भवन अधिकारी अनूप गोयल, फायर अधिकारी विनोद मिश्रा और सहायक यंत्री वैभव देवलासे को शामिल किया गया था। अब महापौर परिषद के सदस्य इस समिति के विरोध में उतर आए हैं। सदस्यों का कहना है कि निगमायुक्त को समिति गठित करने का अधिकार ही नहीं है। उन्होंने महापौर परिषद के अधिकारों का उल्लंघन कर समिति को गठित किया है। निगमायुक्त ने 8 फरवरी को समिति गठित की थी। इसके पहले ही समिति गठन को लेकर विवाद शुरू हो गया, समिति ने अब तक काम ही शुरू नहीं किया है।

### →समिति में शामिल राजेंद्र राठौर ने ही किया विरोध

निगमायुक्त द्वारा समिति में शामिल किए गए एमआइसी सदस्य राजेंद्र राठौर ने ही समिति का विरोध किया है। उन्होंने निगमायुक्त को पत्र लिखकर समिति गठन महापौर के माध्यम से करने की मांग की है। पत्र में कहा है कि सराफा बाजार में रात में लगने वाली चाट चौपाटी का संबंध मार्केट एवं स्वास्थ्य विभाग से है, बावजूद इसके राजस्व विभाग प्रभारी से कोई चर्चा नहीं की गई। मार्केट एवं स्वास्थ्य विभाग की राय और महापौर परिषद की जानकारी के बगैर इस समिति का गठन किया गया है। यह महापौर परिषद के अधिकारों का हनन है।

### →कैलाश विजयवर्गीय को भी लिखा पत्र

वहीं महापौर परिषद के सदस्य और राजस्व विभाग प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने समिति का विरोध करते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पत्र लिखा है। चौहान ने समिति गठन के आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की ओर से इस मामले में अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# चार महीने से अटके रिव्यू रिजल्ट 48 घंटे में जारी, विद्यार्थियों को राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अक्टूबर के पहले से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अटके रिव्यू रिजल्ट अब देवी अहिल्या विश्वविद्यालय जारी करने में लगा है। बीते 48 घंटों के भीतर यूजी-पीजी के विभिन्न सेमेस्टर के 20 रिजल्ट वेबसाइट पर अपलोड किए है। चार महीने इंतजार करने के बाद विद्यार्थियों को थोड़ी राहत जरूर मिली है। इनके सामने अगली परीक्षा में बैठने को लेकर स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। वैसे रिव्यू रिजल्ट में महज 8 प्रतिशत छात्र-छात्राएं पास हुए है। बाकी विद्यार्थियों को एटीकेटी व सभी विषयों की दोबारा परीक्षा देना होगी।

अधिकारियों के मुताबिक, अगले सात दिनों में विश्वविद्यालय ने तीन दर्जन और परिणाम घोषित कर सकता है, क्योंकि करीब तीस कर्मचारियों की ड्यूटी निर्वाचन कार्यों में लगाई है। इनका ड्यूटी चार्ट भी विश्वविद्यालय पहुंच चुका है। जून-जुलाई में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के दूसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा हुई। मुख्य परिणाम सितंबर और अक्टूबर में घोषित हुए है। मगर प्रदेश में नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से जुड़े कार्यों के लिए विश्वविद्यालय के 300 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। इस वजह से दूसरे और चौथे सेमेस्टर के रिव्यू रिजल्ट की प्रक्रिया धीमी हो गई। चुनाव खत्म होने के बाद विश्वविद्यालय को स्नातक पाठ्यक्रम की पूरक परीक्षा करवानी थी, जिसमें परीक्षा और गोपनीय विभाग के कर्मचारी व्यस्त हो गए।

### पूरक परिणाम पहले ही घोषित

बीए, बीकाम, बीएससी के पूरक परीक्षा परिणाम 5 फरवरी तक घोषित हो चुके है। इसके बाद विश्वविद्यालय ने महीनों से अटके रिव्यू रिजल्ट देने की प्रक्रिया शुरू की। 7 फरवरी से बीबीए एलएलबी दूसरा, बीवाक फैशन टेक्नोलाजी-इंटीरियर डिजाइन चौथे, एमएससी बाटनी, एमए योगा-एमए भूगोल, अर्थशास्त्र, साइकोलाजी, राजनीति शास्त्र, सोशलाजी, अंग्रेजी साहित्य चौथा, बीपीएड चौथा, एमपीएड दूसरा, बीबीएएलएलबी दूसरे सेमेस्टर के रिव्यू रिजल्ट आए है। इन रिजल्ट के लिए महीनों से विद्यार्थी इंतजार करने में लगे थे। परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि अगले 15 दिनों में तीन दर्जन और रिजल्ट दिए जाएंगे, जिसमें मुख्य और रिव्यू रिजल्ट दोनों शामिल है। यह प्रक्रिया जल्द से जल्द इसलिए पूरी करना है, क्योंकि कर्मचारियों की निर्वाचन कार्यों में ड्यूटी आना शुरू हो चुकी है।

# ई रिक्शा के रूट तय करने की मांग

### सीएनजी ऑटो चालकों ने दी एक हफ्ते की चेतावनी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में दौड़ रही ई रिक्शा के रुट तय नहीं करने को लेकर सीएनजी ऑटो चालकों का विरोध तेज हो गया है। उन्होंने परिवहन मंत्री व मुख्यमंत्री को 4 हजार पत्र लिखकर इनके रुट तय करने की मांग की है। अगर एक हफ्ते में रुट तय नहीं किए गए तो 21 फरवरी के बाद आंदोलन करेंगे और कोर्ट की शरण लेंगे। सोमवार को सीएनजी चालक नेहरू पार्क में इकट्‌ठा हुए। उन्होंने हाथों में तख्तियां लेकर ई रिक्शा की मनमानी को लेकर विरोध जताया। सक्षम ऑटो चालक एसोसिएशन के खुशहाल सिंह राजा ने बताया कि शहर में 4 हजार सीएनजी चालक हैं। हम हर साल 15 हजार रु विभाग को देते हैं। इसके अलावा नापतौल विभाग से समय-समय पर मीटर का सत्यापन कराते हैं। इसके बावजूद विभाग हमें ही परेशान करता है जबकि ई रिक्शा बिना कागजातों के दौड़ रही हैं। चालकों ने बताया कि अवैध बाइक टैक्सियां भी धडल्ले से चल रही है। इसका कोई वैरिफिकेशन नहीं है। देर इन बाइक टैक्सी पर महिलाओं के साथ अभद्र हरकतें भी सामने आ चुकी हैं। फिर भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अगर 7 दिन में कोई करवाई नहीं होती है कोर्ट की शरण लेंगे।

# एचएसआरपी नम्बर प्लेट नहीं होने पर 15 वाहनों पर कार्रवाई

### →55 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा इंदौर में एचएसआरपी नम्बर प्लेट नहीं लगी होने पर चालानी कार्यवाही की जा रही हैं। इसके तहत सोमवार को 15 वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेट नहीं पाई गई, जिनपर जुर्माना लगाया गया। साथ ही अन्य वाहनों पर भी मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम और मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 55 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगवाने हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय तथा संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों, स्कूली वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। वाहनों के फ़िटनेश, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये जा रहे हैं। बसों में ओवर-लोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। यात्रियों से वाहन की स्पीड ,चालक-परिचालक के व्यवहार के सम्बंध में फीडबैक भी लिया जा रहा है। यात्री वाहनों पर परमिट शर्तों के उल्लंघन होने पर जुर्माना लगाया गया। लोगों को अपने वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है समझाईस भी दी जा रही है। कुल 70 वाहनों को चेक किया गया जिनमें से 15 वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेट नहीं पाई गई, जिनपर जुर्माना लगाया गया। साथ ही अन्य वाहनों पर भी मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम और मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 55 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

मकान तोड़ने पर इंदौर हाईकोर्ट ने कहा-

# नियमों का पालन किए बगैर मकान तोड़ना हो गया फैशनेबल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। उज्जैन नगर निगम द्वारा एक मकान को तोड़े जाने का प्रकरण इंदौर हाईकोर्ट में चल रहा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस मामले में कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि नियमों का पालन किए बिना किसी का भी मकान तोड़ना फैशनेबल हो गया।**



नगर निगम ने पिछले साल सितंबर 2023 को सांदीपनि नगर में एक महिला का मकान तोड़ा था। निगम की कार्रवाई के खिलाफ महिला ने कोर्ट में याचिका लगाकर मुआवजा देने की मांग की थी। इस प्रकरण में कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करने के अलावा महिला को एक लाख का मुआवजा देने के लिए भी कहा है।

उज्जैन नगर निगम ने पिछले साल कई निर्माणों को तोड़ा है। कई माफिया के अवैध निर्माणों को भी तोड़ा जाता है। पिछले साल तिसंबर माह में एक महिला का भी मकान नियमों का पालन किए बगैर तोड़ा था। इस कार्रवाई से नाराज महिला ने अधिवक्ता के माध्यम से इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि-बार-बार कोर्ट में देखने में आ रहा है कि प्रशासन और नगरीय निकाय प्राकृतिक न्याय सिद्धांत का पालन किए बगैर किसी का भी मकान तोड़ना और मीडिया में खबरें प्रकाशित करना फैशन जैसा हो गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस मामले में भी याचिकाकर्ता के परिवार के किसी सदस्य के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज हुआ और फिर उस परिवार का मकान तोड़ा गया। कोर्ट ने इस मामले में उज्जैन निगमायुक्त को जिम्मेदार मानते हुए अफसरों के खिलाफ एक्शन लिए जाने के निर्देश दिए है। इसके अलावा याचिकाकर्ता को भी कहा गया है कि वे चाहे तो सिविल कोर्ट में अतिरिक्त मुआवजे की मांग भी कर सकते है।

# गैर भाजपा शासित राज्यों में रणनीति बनाएंगे शिवराज

## आज पश्चिम बंगाल, कल ओडिशा में करेंगे लोकसभा चुनाव की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान गैर भाजपा शासित राज्यों में लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाएंगे। शिवराज पश्चिम बंगाल और ओडिशा में एक दिवसीय दौरे पर हैं। यहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और नवीन पटनायक के क्षेत्र में बैठकें करेंगे। शिवराज कोलकाता में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठकों में शामिल होंगे। इसके बाद हावड़ा के जिला भाजपा कार्यालय में बूथ अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करेंगे। शाम को कोलकाता में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद रात्रि विश्राम करेंगे। मंगलवार सुबह कोलकाता से ओडिशा के भुवनेश्वर पहुंचकर लोकसभा चुनाव की बैठकों में शामिल होंगे।

### दक्षिण के राज्यों का दौरा कर चुके हैं शिवराज

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में दक्षिण भारत के तीन राज्यों में शामिल हो चुके हैं। वे तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु गए थे। 26 जनवरी को इस यात्रा का समापन हो गया।



### पब्लिक कनेक्ट इमेज का फायदा लेगी पार्टी

राजनीतिक जानकार मानते हैं कि शिवराज सिंह चौहान का पब्लिक से जुड़ने का अंदाज सबसे अलग है। 18 साल तक मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने मामा और भाई की जो इमेज बनाई है, उसे न केवल मध्यप्रदेश बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी सराहा जाता है।

मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद भी वे किसी भी राज्य के दौरे पर जाते हैं तो वहां बच्चों और महिलाओं से एमपी की तरह ही मिलते हैं। उन्हें दक्षिण के राज्यों में भी बच्चों ने मामा कहकर संबोधित किया। बीजेपी शिवराज की इस इमेज को अब उन राज्यों में उपयोग करने जा रही है, जहां गैर भाजपाई सरकारें हैं।

### दो दिन पहले पीएम मोदी से की थी मुलाकात

पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की दो दिन पहले संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हुई है। गुरुवार को शिवराज अपने विधानसभा क्षेत्र बुधनी के लाड़कुई में गांव चलो अभियान के तहत रात्रि विश्राम करने वाले थे, लेकिन अचानक उन्हें दिल्ली से बुलावा आ गया।

# रावण का किरदार निभाया, मंच से उतरते ही मौत

## डॉक्टर बोले-हार्ट अटैक के लक्षण थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ में रामलीला में रावण का किरदार निभाने वाले कलाकार की मौत हो गई। इवेंट खत्म होने के बाद कपड़े बदलते के दौरान उसके सीने में दर्द हुआ। जिसके बाद साथी उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी आयोजन समिति ने एक दिन बाद दी। बताया गया कि रामलीला खत्म होने के अगले दिन रविवार को भंडारा था। ऐसे में कलाकार की मौत की खबर से माहौल बिगड़ सकता था, इसीलिए उनका इलाज जारी रखने की बात कह दी गई। मामला दिगौड़ा थाना क्षेत्र के चैनपुरा बछोड़ा गांव का है। गांव के मड़िया बाबा मंदिर में 2 से 10 फरवरी तक महायज्ञ, भागवत कथा, संत सम्मेलन और रामलीला का आयोजन किया गया था। 10 फरवरी की रात करीब 2 बजे रामलीला के अंतिम दिन रावण वध का मंचन हुआ।रात करीब दो बजे रावण का किरदार निभाने वाले भोले राजा ड्रेसिंग रूम में चले गए। कपड़े उतारने के दौरान भोले को सीने में दर्द होने लगा। वे नीचे बैठ गए। दर्द बढ़ता गया तो उन्होंने साथी कलाकारों को आवाज लगाई। वे निजी वाहन से भोले को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

### अस्पताल पहुंचने से पहले ही तोड़ा दम

ग्राम पंचायत रतनगुवां के रोजगार सहायक सुरेंद्र सिंह गौर ने बताया, ह्यभोले राजा मेरे बहनोई थे। वे खिसनी गांव के रहने वाले थे। 11 फरवरी को हम लोगों ने उनका अंतिम संस्कार किया।ह्व गौर ने बताया, ह्यअस्पताल ले जाते वक्त बमार्ताल और बावरी गांव के बीच वे बेहोश हो गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉ. दीपक ओझा ने कहा, ह्यअस्पताल पहुंचने से पहले ही भोले राजा की मौत हो चुकी थी। साथ आए लोगों ने बताया था कि उनके सीने में तकलीफ हो रही थी। सारे लक्षण हार्ट अटैक के ही थे।

## वन विभाग का बाबू दफ्तर में पी रहा था शराब

# सिंगरौली में वीडियो बनाने पर महिला को धमकाया, कहा- इस ऑफिस में तू रहेगी या मैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली।** सिंगरौली में वन मंडल कार्यालय में पदस्थ क्लर्क का दफ्तर में शराब पीने के मामले में निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच के लिए समिति बनाई गई है। एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में वह दफ्तर में बैठकर शराब पीता नजर आ रहा है। साथी महिला कर्मचारी के वीडियो बनाने पर वह उसे धमकाता भी दिख रहा है। घटना बीती 9 फरवरी की है। जिसके सामने आने के बाद क्लर्क शिवराज सिंह को निलंबित कर दिया गया है।

**शराब पीने से रोका तो बदतमीजी की-** महिला कर्मचारी का आरोप है कि जिला वन मंडल कार्यालय में लिपिक के पद पर तैनात शिवराज सिंह अक्सर शराब पीकर ड्यूटी पर आता है। 9 फरवरी को वह दफ्तर में ही बैठकर शराब पी रहा था। महिला ने मना किया तो वह बदतमीजी करने लगा। महिला ने अपने मोबाइल फोन से उसका वीडियो बनाना शुरू किया। इसके बाद भी वह नहीं माना और महिला को अपशब्द कहने लगा।

**वीडियो में यह कह रहा शराबी क्लर्क-** वीडियो में शिवराज सिंह कहते हुए दिख रहा है, ह्यफोटो खींचना है। लो अब खींच लो।ह्व इसके बाद वह दराज से शराब की बोतल निकालता है। शराब कप में डालने के बाद बोतल दिखाते हुए कहता है- ऐसा फोटो रख दूंगा न कि हालत भूल जाएगी। हम तो नहीं रहूंगा तो तुमको बर्बाद करके जाऊंगा। इसको लिख लो। अब इस ऑफिस में केवल तू रहेगी या मैं रहूंगा।



**लाइसेंसी रिवॉल्वर से महिला को डराया-** महिला कर्मचारी ने इस घटना की शिकायत वन मंडल अधिकारी अखिल बंसल से की। शिकायत पत्र में आरोप लगाया कि शिवराज ने रात में भी उसे कॉल कर गालियां दीं और धमकाया। इसके आधार पर रविवार शाम को शिवराज को निलंबित कर जांच शुरू कर दी गई है। महिला का आरोप है कि क्लर्क धारदार हथियार साथ रखता है। लाइसेंसी रिवॉल्वर से डराता है। कहता है कि पूरे परिवार को खत्म कर देगा।

# रेप और छेड़छाड़ के आरोपियों के घर चला बुलडोजर

## मंदसौर में कोचिंग जा रही छात्रा को ब्लैकमेल कर किया गलत काम, मारपीट भी की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर। मंदसौर में नाबालिग से दुष्कर्म और छेड़छाड़ के पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनमें दो नाबालिग हैं। प्रशासन ने सोमवार को तीन आरोपियों के चार मकानों पर बुलडोजर चला दिया। कार्रवाई के दौरान तीन थानों का पुलिस बल तैनात रहा। हिंदू संगठनों ने आरोपियों के दूसरे अवैध ठिकानों को भी जमींदोज करने की मांग की। आरोपियों ने रविवार को नाबालिग के साथ गलत काम किया था।**

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने किशोरी को ब्लैकमेल कर एकांत में मिलने बुलाया था। उन्होंने किशोरी को पहले थप्पड़ मारे, फिर बेल्ट से पिटाई कर दी। लड़की को पीटते देख कुछ हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की तो दो भाग निकले, जबकि तीन को थाने ले जाया गया। उन्होंने थाने के बाहर जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने देर रात मुख्य आरोपी समेत पांचों (यस (19), अरबाज (19) और सोहेल (20) और दो नाबालिग के खिलाफ मामला दर्ज कर हिरासत में ले लिया।



प्रशासन और पुलिस की टीम ने आरोपियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला दिया। इस दौरान तीन थानों का बल मौजूद रहा। प्रशासन और पुलिस की टीम ने आरोपियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला दिया। इस दौरान तीन थानों का बल मौजूद रहा। मामले में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को लेकर कलेक्टर और एसपी से चर्चा की है। पुराने आपराधिक मामले जो दबे हुए होंगे, उन पर भी जांच की मांग की है।

### पांच आरोपियों के नाम बताए

एएसपी गौतम सोलंकी का कहना है कि लड़की ने पांच आरोपियों के नाम बताए हैं। इनमें से कुछ नाबालिग हैं। मामले में जांच की जा रही है। पूछताछ में अन्य भी कोई नाम सामने आएगा तो उसके खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### चार अवैध निर्माण तोड़े

तहसीलदार नीतेश पटेल ने कहा कि घटना के बाद ग्राम पंचायत से जानकारी निकाली गई थी। तीन आरोपियों के चार अवैध निर्माण को तोड़ा गया है। आरोपियों के संबंध में और जानकारी जुटाई जा रही है। एसडीओपी कीर्ति बघेल ने कहा कि पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वे फोटो के जरिए नाबालिग को ब्लैकमेल कर रहे थे। कल वह कहीं जा रही थी, तभी उन्होंने उसे सूनी जगह ले जाकर वारदात को अंजाम दिया।

New Delhi

# किसानों का आज ही दिल्ली कूच, दो मुद्दों पर फंसा ही रह गया पेच; बोले- टाइम पास कर रही सरकार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने समेत 12 मांगों को लेकर आंदोलन पर उतरे किसानों और सरकार के बीच सहमति नहीं बनी है। अब किसानों ने दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया है और उनका कहना है कि अब हम दिल्ली की ओर बढ़ेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने हा कि हमारा आंदोलन शांतिपूर्ण है और हम पर आरोप लगते हैं कि हम सड़कें जाम करते हैं। आप देख लीजिए कि सड़कों पर दीवारें खड़े करके रास्ते तो सरकार ने ही रोके हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि पंजाब और हरियाणा भारत के राज्य नहीं हैं बल्कि अलग-अलग देश हैं।

किसान नेता ने कहा कि हमारी लंबी बात केंद्र सरकार



के मंत्रियों पीयूष गोयल और अर्जुन मुंडा से हुई है। इस दौरान मंत्रियों किसानों पर लगे मुकदम हटाने की बात कही है। कुछ और बातें भी मान ली हैं। लेकिन किसान और मजदूर के कर्ज माफ करने और MSP पर गारंटी वाले कानून पर सहमति नहीं बनी है। सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि मंत्रियों ने वार्ता के दौरान कहा कि हम एमएसपी को लेकर कमेटी बना देंगे। हमारी इससे असहमति है। आखिर इस मामले में कमेटी बनाने की क्या जरूरत है। आपकी सरकार है, सीधे नोटिफिकिशन जारी किया जाए।

इसके अलावा कर्जमाफी को लेकर सरकार का कहना था कि हम देखेंगे कि कितना कर्ज है। इस पर भी सरकार पहले ऐलान करे और फिर आगे प्रक्रिया करती रहे। पंढेर ने आरोप लगाया कि हरियाणा में किसानों का उत्पीड़न हो रहा है।

Uttarpradesh

## टीचर की पिटाई से 6वीं के छात्र के कान का पर्दा फटा, जबड़े में भी सूजन आई, FIR दर्ज



**कानपुर, (एजेंसी)** कानपुर के सेंट अलॉयसियस स्कूल में कक्षा 6 के छात्र की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है. आरोप है कि कंप्यूटर टीचर ने गुस्से में छात्र को थप्पड़ मार दिया, जिसके कारण उसके कान का पर्दा क्षतिग्रस्त हो गया. छात्र के जबड़े में भी सूजन आ गई है. छात्र की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. गुस्साए परिजनों ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है.

दरअसल, मोहम्मद फैसल अकील बेकनगंज के दादा मियां इलाके में रहते हैं. वह पेशे से व्यापारी है. उन्होंने बताया- 'मेरा बेटा अब्दुल्ला फैसल (11) सेंट एलॉयसियस स्कूल, कैंट में पढ़ता है. वह हर दिन की तरह 12 फरवरी को स्कूल गया था. विक्रांत थॉमस उसे कंप्यूटर पढ़ाता है. घटना वाले दिन वह उसकी पढ़ाई से नाराज हो गया और उसे बुरी तरह डांटा. फिर इतना पीटा कि उसके कान का पर्दा क्षतिग्रस्त हो गया और खून बहने लगा.' छात्र के पिता ने आगे कहा कि इतना ही नहीं पिटाई के कारण मेरे बेटे का जबड़ा भी सूज गया. जब वह घर पहुंचा तो उसकी हालत देखकर हम लोग उसे सीधे अस्पताल लेकर पहुंचे .डॉक्टर ने बताया कि कान का पर्दा फट गया है और गंभीर चोट है. साथ ही पिटाई से जबड़े में सूजन आ गई है. इस वजह से बच्चा कुछ भी खा-पी नहीं पा रहा है. मामले की जानकारी मिलने पर सोमवार को छात्र व अन्य बच्चों के परिजन स्कूल पहुंचे. उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर स्कूल का घेराव किया.

Bihar

## कार रोकी फिर AIMIM नेता को कर दिया ढेर, दिन दहाड़े कत्ल से थर्राया बिहार, भड़के ओवैसी

**पटना, (एजेंसी)** बिहार के गोपालगंज जिले में एक दुखद घटना में हमलावर ने AIMIM के प्रदेश सचिव और सारण प्रभारी अब्दुल सलाम उर्फ असलम मुखिया की गोली मारकर हत्या कर दी. यह दुखद घटना गोपालगंज के नगर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में तुरकाहा पुल के पास एनएच 531 पर हुई. मृतक असलम मुखिया ने हाल ही में नवंबर 2023 में गोपालगंज सदर सीट के लिए विधानसभा उपचुनाव लड़ा था और वह गोपालगंज मदरसा इस्लामिया के सचिव भी थे. AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने उनकी हत्या को लेकर एक्स पर लिखा, 'हमारे ही नेता क्यों निशाने पर?'

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने असलम मुखिया नाम से मशहूर अब्दुल सलाम की हत्या की जानकारी सोशल मीडिया साइट एक्स पर शेयर की. उन्होंने लिखा, 'गोपालगंज उपचुनाव में AIMIM के पूर्व उम्मीदवार सह प्रदेश सचिव अब्दुल सलाम असलम मुखिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. अल्लाह से दुआ करता हूँ के उनके परिवार वालों सब्र-ए-जमील अता करे.

Chhattisgarh

### 2014 टाहकवाड़ा नक्सल मामला

## कोर्ट ने सुनाई चार नक्सलियों को आजीवन कारावास की सजा

**रायपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 11 में 2014 को टाहकवाड़ा में हुई नक्सली मुठभेड़ के दौरान 15 जवानों की हत्या के मामले में गिरफ्तार चार माओवादियों को बस्तर की विशेष अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। बतादें कि पुलिस ने 2014 में मुठभेड़ के बाद 200 से ज्यादा नक्सलियों और नक्सल संगठन के प्रमुख नेताओं पर फिर दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने चार माओवादियों को गिरफ्तार किया था। इनकी गिरफ्तारी के बाद बस्तर की विशेष अदालत ने चारों को सजा सुनाई है।

सुकमा के टाहकवाड़ा में साल 2014 में नक्सलियों ने जवानों पर बड़ा हमला किया था। इस हमले में 15 जवान शहीद हो गए थे। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने 200 से ज्यादा आरोपियों पर विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में बाद में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी थी। जिसमें पुलिस ने चार माओवादियों की गिरफ्तारी की थी। जिसमें महादेव नाग, दयाराम बघेल, मनीराम कोर्राम, और कवासी जोगा को गिरफ्तार किया गया था। जिनसे लंबे समय से पूछताछ की जा रही थी।

इस मुठभेड़ मामले को लेकर NIA ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। इस मामले में जांच और पूछताछ करते हुए तथ्य विशेष अदालत में पेश किए थे। NIA की जांच के बाद बस्तर की विशेष अदालत ने सभी चारों माओवादियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

खेल

# मैराथन में इतिहास रचने वाले केल्विन की 24 साल की उम्र में मौत

### सड़क हादसे में गंवाई जान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मैराथन के विश्व रिकॉर्ड धारक और पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण के प्रबल दावेदार केल्विन किपटुम की पश्चिमी केन्या में एक कार दुर्घटना में मौत हो गई। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी रविवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 11 बजे कप्तागाट से एल्डोरेट जा रहा था, तभी कार लुढ़क गई। इसमें केल्विन के अलावा उनके रवांडा के कोच गेरवाइस हकीजिमाना की मौत हो गई। कार में तीन लोग सवार थे, दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक को अस्पताल ले जाया गया। पश्चिमी केन्या के एल्गियो माराकवेट काउंटी के पुलिस कमांडर पीटर मुलिंगे ने इसकी पुष्टि की है।

पुलिस ने कहा- केल्विन एल्डोरेट की ओर जा रहे थे और




वाहन ने नियंत्रण खो दिया और खाई में गिर गई, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। एक महिला यात्री घायल हो गईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। केल्विन ने मैराथन में तब तहलका मचाया था जब उन्होंने पिछले साल अक्तूबर में शिकागो में विश्व रिकॉर्ड 2:00:35 का समय लेकर स्वर्ण जीता था। उन्होंने साथी केन्याई एलियुड किपचोगे के पिछले रिकॉर्ड को 34 सेकंड से तोड़ा था। केल्विन उस समय सिर्फ 23 वर्ष के थे और केवल अपने तीसरे मैराथन में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। किपटुम ने अपने अन्य दो प्रयासों में भी जीत हासिल की थी। 2022 में वेलेंसिया और फिर अगले साल लंदन में भी विजयी अभियान जारी रखा। केन्या के इस एथलीट ने घोषणा की थी कि वह 14 अप्रैल को रोटरडम में दो घंटे से कम में रेस पूरा करने और ऐसा करने वाले पहले व्यक्ति बनने की कोशिश करेंगे। हालांकि, इससे पहले ही उनका निधन हो गया।

वह पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए प्रबल दावेदार थे। विश्व एथलेटिक्स ने किपटुम को हाल के समय के सबसे प्रभावशाली एथलीट के रूप में श्रद्धांजलि दी है।

विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने एक बयान में कहा, 'हम केल्विनऔर उनके कोच गेरवाइस हकीजिमाना के निधन के बारे में जानकर हैरान और गहरे दुख में हैं। विश्व एथलेटिक्स की ओर से हम उनके परिवारों, दोस्तों, टीम के साथियों और केन्याई राष्ट्र के प्रति अपनी गहरी संवेदना भेजते हैं।

सिनेमा

## जॉनी सिंस और रणवीर सिंह के Ad से इंटरनेट पर 'आंधी', लोग बोले- कह दो ये झूठ है

किसी भी प्रोडक्ट की बिक्री के लिए आए दिन नए-नए विज्ञापन आते हैं. इनमें क्रिएटिविटी का ऐसा तड़का होता है कि देखने वाले हैरान रह जाएं. लेकिन हाल में एक्टर रणवीर सिंह ने जब एक एड में काम किया तो लोगों को यकीन ही नहीं हुआ. बल्कि एड ने तो मानो इंटरनेट पर आंधी ही ला दी है. सबसे पहली हैरानी की बात ये कि ये एड पुरुषों के सेक्शुअल हेल्थ को लेकर किसी दवा से जुड़ा है. वहीं दूसरी बात ये है कि इसमें रणवीर के साथ पोर्न स्टार जॉनी सिंस ने काम किया था. यह विज्ञापन अपने आप में काफी शानदार है लेकिन पहली झलक में हैरान कर देता है. इसमें मैलोड्रामैटिक म्यूजिक के साथ एक टीवी सीरियल दिखता है जिसमें घर की छोटी बहू घर छोड़कर जा रही है. उसे रोकते हुए उसके जेठ बने रणवीर सिंह कहते हैं- क्यों जा रही हो बहू क्या तुम यहां पर खुश नहीं हो? इसपर वह एड में अपने पति जॉनी सिंस बने के साथ खराब सेक्शुअल लाइफ के बारे में बताती है. इसके बाद घर की एक बुजुर्ग महिला उसे थप्पड़ मारती है और वह बड़े ही ड्रामेटिक तरीके से छत से गिर जाती है. एड के सार में रणवीर सेक्शुअल हेल्थ से जुड़ी दवा बोल्ड केयर का एड करते हैं. एड में जॉनी ने बाकियों की तरह इंडियन कपड़े कुर्ता पजामा पहना हुआ है. अब जानने वाली बात है कि इस अपने आप में काफी अनोखे एड को लेकर लोगों की क्या प्रतिक्रिया रही. बता दें कि लोगों ने इसपर ढेरों शानदार कमेंट किए. एक यूजर ने लिखा- , 'रणवीर सिंह और जॉनी ...क्या क्रॉसओवर है.' एक अन्य ने कहा, 'पहले मुझे लगा कि डीपफेक है लेकिन रणवीर सिंह तो रणवीर सिंह हैं!!!'. एक ने लिखा- रणवीर के साथ जॉनी... कह दो ये झूठ है.



# संपादकीय

## 'दबंगों' पर नियंत्रण जरूरी

रेलवे को 'अपनी संपत्ति' समझने वाले 'दबंगों' की कमी नहीं है। ऐसे लोग तो टिकट तक लेना जरूरी नहीं समझते और किसी भी डिब्बे में सवार होकर सफर पर निकल पड़ते हैं। इनमें बहुत सारे ऐसे मुसाफिर होते हैं, जो नौकरी या कारोबार के सिलसिले में एक शहर से दूसरे शहर तक रोज आवाजाही करते हैं। उनके लिए पूरी रेल ही खुली जगह है और उसमें कहीं भी कब्जा जमा लेना वे अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। यह समझना मुश्किल है कि हमारे देश में क्या इतने कम पढ़े-लिखे और नासमझ लोग हैं कि उन्हें महिलाओं के लिए आरक्षित रेल के डिब्बों और कूपों की पहचान करने में मुश्किल होती है और वे उसमें सफर करने लगते हैं। ऐसा भी नहीं माना जा सकता कि ऐसे डिब्बों में सफर करते हुए उन्हें कोई टोकता न होगा। फिर भी अगर लोग महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों या कूपों में सफर करने की ढिठाई करते हैं, तो जाहिर है उनकी प्रवृत्ति आपराधिक ही हो सकती है। सूचनाधिकार कानून के तहत मांगी गई एक जानकारी से पता चला है कि पिछले पांच वर्षों में महिला डिब्बों और कूपों में सफर करते हुए तीन लाख के अधिक पुरुषों को गिरफ्तार किया गया। सबसे अधिक पश्चिम रेलवे में ऐसे लोग पकड़े गए। इससे यही जाहिर होता है यह प्रवृत्ति आम है। कुछ मामलों में तो माना जा सकता है कि कम पढ़े-लिखे लोग महिला डिब्बे की पहचान न कर पाने की वजह से, गलती से उनमें चढ़ गए होंगे और जब उन्हें इसका बोध कराया गया होगा, तो गाड़ी के चल देने की वजह से उतर नहीं पाए और पकड़े गए होंगे। मगर औसतन वर्ष भर में साठ हजार लोग ऐसे नहीं हो सकते। टिकट लेकर सफर करने वाले मुसाफिरों को अक्सर ऐसे लोगों की बत्तमीजियों का सामना करना पड़ता है। फिर, भला ऐसे लोगों से महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों या कूपों में सफर न करने की सलाहियत की कितनी उम्मीद की जा सकती है। अच्छी बात है कि रेलवे आरक्षी बल ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाता है, मगर इतने भर से रेलों में महिला सुरक्षा का भरोसा पैदा नहीं होता।

**अर्ज किया है..!**

*जो देख नहीं सकते है*
*वो बोल रहे है...*
*ख़ामोश हूँ मैं*
*क्योंकि मैं सब देख रहा हूँ...*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**हरि नाम साधु संग और स्वयं राम चरित मानस। कुछ बीमारियों से मुक्त होकर मोक्ष पाने का उपाय है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## Health is Wealth

# गर्दन की अकड़न और दर्द से राहत देंगे ये 2 योगासन, ऐसे करें अभ्यास



ऑफिस में घंटों एक ही जगह बैठकर काम करने से कई बार गर्दन में दर्द और अकड़न महसूस होने लगती है। गर्दन में होने वाले इस दर्द का उपचार अगर समय रहते ना किया जाए तो यह ना सिर्फ रोजमर्रा के काम में रूकावट पैदा करता है बल्कि सेहत से जुड़ी कई समस्याएं भी पैदा करने लगता है। अक्सर लोग दर्द से राहत पाने के लिए दवाओं का सहारा लेते हैं लेकिन गर्दन के दर्द के लिए दवा लेना जरूरी नहीं होता है। आप इसे घर पर ही कुछ योगा अभ्यास करके दूर कर सकते हैं। आइए जानते हैं आखिर कौन से दो योगासन गर्दन के दर्द से राहत दिला सकते हैं।

## गर्दन की अकड़न और दर्द से राहत देंगे ये 2 योगासन

### →चक्रवाकासन

चक्रवाकासन योग करने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। इस योग मुद्रा का अभ्यास करने से पीठ और कमर की मांसपेशियों को आराम मिलता है। साथ ही लंबे समय तक बैठे रहने के कारण व्यक्ति को जो अकड़न और परेशानी महसूस होती है, उससे भी निजात मिल सकता है। इस योगासन का नियमित अभ्यास कमर और गर्दन के दर्द से छुटकारा दिला सकता है।

### →चक्रवाकासन करने का तरीका

चक्रवाकासन करने के लिए आप सबसे पहले योगा मैट पर गाय की तरह अपने दोनों हाथों और पैरों के सहारे आ जाएं। अब अपने कंधों को अपनी कलाई के नीचे और कूल्हों को घुटनों के नीचे रखने की कोशश करें। ध्यान रखें, ऐसा करते समय आपका शरीर एक टेबल टॉप स्थिति में होना चाहिए। इस दौरान अपने पैर की उंगलियां अंदर और गर्दन लंबी रखने की कोशिश करें। अब गहरी सांस लें और पेल्विस को पीछे की ओर झुकाएं ताकि आपकी टेलबोन ऊपर उठी रहे।अपने पेट की मांसपेशियों को अंदर की तरफ खींचने की कोशिश करें ताकि रीढ़ की हड्डियां आपस में मिल सके। अब अपनी गेज को धीरे-धीरे ऊपर की ओर ले जाएं और अपनी पीठ को फर्श की ओर मोड़ें। अपनी टेलबोन को झुकाएं और ऊपर की ओर देखें और गहरी सांस लें। इसी अवस्था में 1 मिनट तक रहने का प्रयास करें। फिर धीरे-धीरे वापस पहले वाली मुद्रा में आ जाएं।

### →उत्थिता त्रिकोणासन

उत्थिता त्रिकोणासन आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को लाभ पहुंचा सकता है। उत्थिता त्रिकोणासन करने से पैरों,जांघों और टखनों में खिचाव महसूस होता है, जिससे वो मजबूत बनाते हैं। उत्थिता त्रिकोणासन करने से तनाव से भी छुटकारा मिलता है।

### →उत्थिता त्रिकोणासन करने का सही तरीका

उत्थिता त्रिकोणासन करने के लिए सबसे पहले अपने पैरों को चौड़ा रखें और अपने अगले पैर को आगे की ओर और अपने पिछले पैर को सीधा रखें। अपने आप को संतुलित रखते हुए, अपने बाएं हाथ को अपने सामने वाले पैर पर लाएं। अब अपने सिर को घुमाएं ताकि आपका दाहिना हाथ छत की ओर ऊपर हो। ऐसा करते हुए यह सुनिश्चित करें कि आप अपने हाथ की ओर देखें। अब कई बार गहरी सांसें लें और मुद्रा बनाए रखते हुए अपना संतुलन बनाए रखें।

## Highlights

1. **Home of Khalistani terrorist Pannun's aide Inderjit Gosal attacked in Canada**
2. **Traffic jam at Delhi-Gurugram border ahead of farmers' protest**
3. **20 women in Rajasthan gang raped in pretext of job: what we know**
4. **K'taka: med students pulled up for recording reels inside hospital**
5. **Entry & exit from 3 out of 4 Udyog Bhawan Metro Station gates closed**

# RBI's top priority is to protect Paytm customers: Governor Shaktikanta Das

**NEW DEIHI, (Agency).** Reserve Bank of India governor Shaktikanta Das on Monday said the central bank's top priority is to protect the customers of Paytm Payments Bank and that the RBI will not review its decision to restrict activities of the entity.

"We take all decisions after lot of consultation, a lot of analysis... At the moment, let me be very clear, there is no review of this decision," he told media persons in New Delhi. The Paytm bank was under the scanner for a long time and the RBI had on 11 March 2022 directed it to stop onboarding new customers with immediate effect.

On 31 January 2024, the RBI prohibited Paytm Payments Bank Ltd (PPBL) from taking deposits or




credit transactions or top-ups from any customer from February 29. The central bank gave a one-month transition time to PPBL's customers so that their urgent transactions linked with the payment bank is not abruptly halted, Das said during a press conference after the RBI's Central Board of Directors' meeting, which was addressed by Union finance minister Nirmala Sitharaman.

RBI will soon release a frequently asked questions (FAQs) this week in order to assuage concerns of the Paytm bank's customers, Das said. "FAQs which we are proposing to issue is targeting the inconvenience or issues faced by the depositors and customers wallet users, FASTag holders. Whatever is in the customers' interest that we are dealing in FAQs. Regarding review of decision, there is nothing on the table," he said.

# Entero Healthcare IPO to close today. To subscribe or not?

**NEW DEIHI, (Agency).** The initial public offering (IPO) of products distributor firm Entero Healthcare Solutions opened on February 9 and will close on Tuesday. Though the ₹1600 crore IPO hoped to get by on day two with some positive response from retail investors, it was unsuccessful.

Competing with three other public offers, the IPO struggled to to get through on the first day, competing with the other three IPOs. Not much enthusiasm was expressed by the retail




investors, and there was very little response from non-institutional investors.

Entero Healthcare Solutions IPO subscription status on day 2

As per Mint, on the second day, the IPO's subscription status was 19%: retail investors portion was subscribed 88%, Non-Institutional Investors (NII) portion was booked 9%, and Qualified Institutional Buyers (QIB) portion was yet to be booked. The employee portion, meanwhile, was subscribed 77%.

To subscribe or not?

As per brokerage firm Swastika Investmart Limited, Entero Healthcare Limited has 'lost money in the last three fiscal years.'

"This is due to negative cash flows from financing, investing, and operating activities. Additionally, the company's operations demand a large amount of working capital. As it has been at a loss, we cannot define its P/E valuation.

# डकैती मामले में पुलिस को लगे अहम सुराग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिया में एक घर में डकैती के मामले में पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। वारदात के तरीके को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने वारदात में धार जिले के बाग-टांडा के बदमाशों शामिल होने की आशंका जताई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच को भी सक्रिय किया गया है।**

आरोपियों के कुछ फुटेज भी सामने आए हैं। माना जा रहा है कि उन्होंने लूटा हुआ मोबाइल या तो रास्ते में कहीं फेंक दिया है या बंद कर लिया है। मोबाइल की लास्ट लोकेशन वारदात स्थल के नजदीक ही मिली है।

कनाडिया इलाके के तिलक नगर सेक्टर बी में रहने वाले वकील दांगी के यहां शनिवार रात आधा दर्जन बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश परिवार के लोगों से मारपीट कर सोने-चांदी के आभूषण और मोबाइल लेकर फरार हो गए। पुलिस अफसरों के मुताबिक बदमाशों की संख्या करीब 7 है। ये कार या किसी बड़े वाहन से पहुंचे थे। मेन रोड पर गाड़ी खड़ी कर खेत के रास्ते कॉलोनी में आए। सभी नकाब पहने हुए थे।

एक बदमाश ने तो गुमराह करने के लिए ड्राइवर की ड्रेस पहन ली। वह बिना मास्क के दिख रहा है। अन्य जिले के बदमाशों की जानकारी निकाली जा रही है। पुलिस को कैमरों की वॉइस रिकार्डिंग भी मिली है। बदमाशों के बातचीत का तरीका बाग-टांडा के बदमाशों से मेल खा रहा है। कनाडिया पुलिस ने लूटे गए मोबाइल की जानकारी निकाली। जो बिचौली इलाके में बंद हुआ है। आसपास के इलाके में मोबाइल की सर्चिंग कराई गई है। सोमवार को बिचौली इलाके के फुटेज भी देखे गए।

# मोबाइल लुटेरा गिरफ्त में

## खरीदने वाले को भी पुलिस ने बनाया आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुंआ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले शातिर बदमाशों को गिर तार कर उनके कब्जे से 21 मोबाइल बरामद किए हैं वहीं चोरी के मोबाइल खरीदने वाले को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है। गिरोह का मुख् य सरगना जोनू बंजारा है जो अभी फरार है पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।**

भंवरकुंआ थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि 11 जनवरी का रात्रि में कुशवाह का बगीचा पिपलयाराव में छात्र के साथ मोबाइल फोन लूटने की घटना घटित हुई थी। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया था एंव एक टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खगाले। इस दौरान पुलिस को बदमाशों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी। पुलिस ने फुटेज के आधार पर मनीष डावर निवासी खरगोन,प्रकाश अखाड़े निवासी कनाडिया और अनिल अखाडे निवासी कनाडिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो बदमाशों ने मोबाइल लूटना कबूल किया। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वे अपने साथी जोनू निवासी मार्तंड नगर के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम देते थे। फिलहाल पुलिस जोनू की तलाश कर रही है। पुलिस ने गिर त में आए बदमाशों के कब्जे से लूटे गए 21 मोबाइल बरामद कर लिए हैं। मु य सरगना के गिर त में आने के बाद पुलिस को कुछ और अहम जानकारी मिलने की उ मीद है।

# मंदिरों से दान पेटी चोरी करने वाले चार बदमाश पकड़ाए

## नशे की लत को पूरा करने के लिए देते थे वारदात को अंजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हीरानगर क्षेत्र में लगातार मंदिरों को टारगेट कर वहां से दान पेटी चुराने वाले चार शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिर तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई दान पेटियां,नगदी एंव घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल बरामद कर ली है। बदमाश नशा करने के आदी हैं और नशे की लत को पूरा करने के लिए छोटी छोटी चोरियां करते थे।

हीरानगर थाना प्रभारी पीएल शर्मा ने बताया कि 11 फरवरी को ईश्वरचंद्र पिता भवानीराम शर्मा, सुरेश चौधरी निवासी स्कीम नंबर 1&6 ने थाने पर आकर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह मंदिर में रोजाना की तरह पूजा करने के बाद मंदिर का ताला लगाकर घर चला गया था अगले दिन सुबह आकर देखा तो मंदिर के गेट का ताला टूटा हुआ था फिर अंदर जाकर देखा तो मंदिर में रखी दोनों दान पेटियां वहां पर नहीं थी कोई अज्ञात बदमश मंदिर की दान पेटी चोर कर ले गया। इस पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। पुलिस ने मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खगाले जिसमें कुछ संदेही नजर आए। फुटेज के आधार पर पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो बदमाशों ने मंदिर से दान पेटी चोरी करना कबूल किया। पुलिस ने इनसे लूटी गई दान पेटी जब्त कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिर त में आए बदमाशों के नाम राजेश बशकर निवासी देवास,अजय जाधव निवासी लसूडिया.अर्जुन बसक निवासी लसूडिया और विशाल रावत निवासी लसूडिया हैं।

# डॉक्टर पर एफआईआर

## पत्नी के साथ करता था मारपीट, अश्लील वीडियो बनाने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विजय नगर इलाके में रहने वाली एक महिला डॉक्टर ने अपने पति के खिलाफ प्रताडऩा का केस दर्ज कराया है। आरोपी पति जर्मनी में रहता है। इंदौर में पत्नी को 1 करोड़ रूपये दहेज देन के लिए प्रताडित करने। मामले में पत्नी ने अश्लील वीडियो बनाने का भी आरोप लगाया है।

टीआई सीबी सिंह के मुताबिक विजय नगर में रहने वाली महिला डॉक्टर ने बताया कि, फरवरी 2023 में उसकी शादी गोयल विहार खजराना में रहने वाले डॉक्टर मित्र से हुई थी। शादी के बाद अक्टूबर में दोनों जर्मनी चले गए। आरोप है कि पति ने दहेज में एक करोड़ रूपये नहीं मिलने को लेकर प्रताडित करना शुरू कर दिया। आरोपी अपनी पत्नी के नहाने और कपड़े बदलने के कई वीडियो बनाए।

वीडियो वायरल कर पिता से एक करोड़ रूपये लाने के लिए धमकाया। आरोपी ने कहा अगर वह पिता के यहां से रूपये नहीं लाती तो उसे देह व्यापार करना होगा। आरोपी ने पीडिता के साथ लगातार मारपीट की। इस मामले में पीडिता सोमवार को अपने परिवार के साथ थाने पहुंची और पति के खिलाफ केस दर्ज करा दिया।

## एसीपी परदेशीपुरा का प्रभार दीक्षित को

इंदौर। एसीपी साइबर सेल नगरीय की जिम्मेदारी संभाल रहे विनोद दीक्षित को एसीपी परदेशीपुरा बनाया गया है। सोमवार देर शाम उनका आदेश भी जारी हो गया। दरअसल, तत्कालीन एसीपी आईपीएस अभिषेक रंजन के नीमच ट्रांसफर के बाद दीक्षित को उनका प्रभार सौंपा है। दीक्षित पूर्व में पदरेशीपुरा टीआई भी रह चुके हैं।

# ट्रक ने वैन को मारी टक्कर, तीन की मौत

## शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे परिवार के लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शादी समारोह में जा रही एक वैन हादसे का शिकार हो गई। एमवाय चौकी पुलिस के मुताबिक वैन में सवार लोग मांगलिया के रहने वाले हैं। उज्जैन टर्न पर टाटा वैन को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस दौरान वैन काफी दूर तक घसीटती चली गई। घटना सोमवार की है। पुलिस के मुताबिक 55 साल के लालू गिरी की सडक़ हादसे में मौत हो गई है। वैन में लालू के साथ उनके परिवार के अन्य लोग भी शामिल थे। इस हादसे में नागू गिरी और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि ऋषिका,रिया,किशन और कोमल घायल हैं। लालू वैन चलाने का ही काम करता था। परिवार के लोगों ने बताया कि वह हुकुमतलाई शादी सम्मेलन में शामिल होने जा रहे थे। लालू के परिवार में उनकी छह बेटियां हैं। दो की शादी हो चुकी है।

# पतंग को लेकर दो परिवार भिड़े

## →डंडे और हॉकी से किया हमला; वीडियो वायरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सिलावटपुरा इलाके में पतंग उड़ाने की बात पर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष डंडे और हॉकी लेकर दूसरे पक्ष के घर पहुंचे। यहां दोनों पक्षो में जमकर मारपीट हुई। घटना सोमवार की है। इसका वीडियो मंगलवार को वायरल हुआ है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज किया है। छत्रीपुरा पुलिस के मुताबिक नजमा हनीफ की शिकायत पर सोनू, वसीम, जावेद, इमरान, शाहिद और एब्यूजर अली के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सभी सिलावटपुरा के रहने वाले हैं। मोहम्मद वसीम की शिकायत पर हनीफ,गुड्डू,नौशाद और बिलाल के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि वसीम के बच्चे छत पर पतंग उड़ा रहे थे। इस दौरान आपस में दूसरे पक्ष के बच्चों से कहासुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। तीन से ज्यादा लोग घायल हुए है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस एफआईआर की गई है।



आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक